हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 मार्च 2026

04 बुजुर्ग की मौत के बाद जागा चोरी से अंजान स्वास्थ्य विभाग



07 बैठक स्थगित करने के मामले ने तूल पकड़ा...





## खबर संक्षेप

### जन सहयोग से प्याऊ का शुभारंभ

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अपील से प्रेरित होकर सतगुरु कबीर मंदिर न्यास काकागंज एवं श्री बालाजी प्रभात जन सेवा समिति के विशेष सहयोग से निशुल्क प्याऊ का उद्घाटन कबीर मंदिर के महंत श्री पूरन दास साहेब के द्वारा किया गया। निशुल्क प्याऊ का उद्देश्य राहगीरों को स्वच्छ एवं साफ जल मिल सके। कार्यक्रम मे विजय कोरी समाज सेवी रामेश्वर सागर साब, परमानन्द कबीर पंथी, अभिषेक सोनी, प्रकाश सेन, पूरन साहब, मोहन यादव, उमाशंकर रैकवार, मुल्ली मामा, दीपक कबीर पंथी, नमन कोरी, राजेश फुसकेले, पंकज कबीर पंथी, प्रजापति, ओमप्रकाश कबीर पंथी,बबलू पटेल आदि उपस्तिथ रहें।

### दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन

**सागर।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाने वाले राहवीरों को प्रोत्साहन राशि और सम्मान दिया जाएगा। केंद्र सरकार की पीएम राहवीर योजना का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना और मदद करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल को तुरंत अस्पताल पहुँचाता है, तो उसे प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही मदद करने वाले व्यक्ति से अनावश्यक पूछताछ नहीं की जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय या संकोच के आगे आकर मानवता का परिचय दे सकें। कलेक्टर संदीप जी आर ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं सड़क दुर्घटना दिखाई दे तो घायल व्यक्ति की मदद अवश्य करें और उसे शीघ्र अस्पताल पहुँचाने में सहयोग करें। आपकी तत्परता किसी के परिवार की खुशियां बचा सकती है। प्रशासन का कहना है कि यह योजना सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए एक जीवनरक्षक पहल है और समाज में संवेदनशीलता व सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है।

### आर.आई. इ. में दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर, के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा एम.एड. के छात्रों हेतु दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का सफल आयोजन 16 एवं 17 मार्च को किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत विभाग के विद्यार्थियों ने भोपाल के शैक्षिक संस्थानों का अवलोकन कर अपने ज्ञान को समृद्ध किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों ने रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भोपाल का भ्रमण किया। यहाँ भ्रमण की शुरुआत पुस्तकालय से हुई, जहाँ विद्यार्थियों ने उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का अवलोकन किया। इसके पश्चात विभागाध्यक्ष के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने ईटी लैब, एजुकेशनल स्टूडियो, आईसीटी लैब तथा स्टीम पार्क का भी भ्रमण किया और वहाँ उपलब्ध आधुनिक शिक्षण तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस अनुभव ने विद्यार्थियों की शैक्षिक समझ को और अधिक परिष्कृत किया। द्वितीय दिवस पर विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश राज्य संग्रहालय तथा जनजातीय संग्रहालय भोपाल का भ्रमण किया। इन संग्रहालयों में विद्यार्थियों ने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, कला एवं जनजातीय जीवन शैली के विविध आयामों को करीब से जाना, जिससे उनके ज्ञान और दृष्टिकोण में व्यापक विस्तार हुआ। इस शैक्षिक भ्रमण के कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर अनिल कुमार जैनरहे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रश्मि जैन थीं, जबकि समन्वयक के रूप में डॉ. पुष्पिता राजावत एवं डॉ. रजनीश अग्रहरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त शशि यादव एवं प्रशान्त द्विवेदी ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

---

गला दबाकर पत्नी की हत्या के बाद नई कार में जला दिया शव ताकि ये हादसा लगे

# सागर में कार अग्निकांड का सनसनीखेज खुलासा, डॉ पति ने ही रची थी पत्नी की इस तरह हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर-गढ़ाकोटा रोड पर चटाटोरिया के पास 21 मार्च की सुबह कार में जलकर हुई महिला की मौत का रहस्य सुलझ गया है। जिसे दुनिया 'हादसा' समझ रही थी, वह दरअसल एक सोची-समझी 'हत्या' निकली। पुलिस ने खुलासा किया है कि आरोपी डॉक्टर पति नीलेश पटेल ने ही अपनी पत्नी सीमा पटेल की हत्या की और साक्ष्य मिटाने के लिए कार में आग लगाकर उसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की।



### विवाद के बाद की हत्या, फिर रची साजिश

जांच में सामने आया है कि घटना वाले दिन पति-पत्नी के बीच तीखा विवाद हुआ था। आरोपी डॉक्टर का किसी अन्य महिला से प्रेम संबंध था, जिसे लेकर घर में कलह रहती थी। विवाद इतना बढ़ा कि नीलेश ने सीमा की जान ले ली। वारदात को छुपाने के लिए उसने अपने क्लीनिक के दो सहायकों, रामकृष्ण और शुभम के साथ मिलकर शव को कार में रखा और गढ़ाकोटा रोड पर ले जाकर ज्वलनशील पदार्थ की मदद से आग लगा दी।

### बयानों में विरोधाभास ने खोला राज

एडिशनल एसपी लोकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि आरोपी शुरू से ही पुलिस को गुमराह कर रहा था। उसने पहले हार्ट अटैक, फिर एक्सीडेंट और बाद में कार में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की झूठी कहानियां सुनाईं। हालांकि, पुलिस को उसके बयानों पर संदेह हुआ।

लोकेश कुमार सिन्हा, एडिशनल एसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक साक्ष्यों ने आरोपी के दावों की पोल खोल दी। विरोधाभासी बयानों और तकनीकी जांच के आधार पर जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मुख्य आरोपी डॉक्टर नीलेश पटेल और उसके दोनों सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है। साक्ष्य जुटाने के लिए आरोपी के घर को सील कर दिया गया है। पुलिस अब पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट और बिसरा जांच के नतीजों का इंतजार कर रही है, ताकि कोर्ट में पुख्ता सबूत पेश किए जा सकें।

---



## इंस्टाग्राम पर लिखा- अलविदा, रेलवे ट्रैक पर मिला शवः सुसाइड नोट में परिवार से माफी मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

भूतेश्वर रेलवे फाटक के पास एक 27 वर्षीय युवक गोलू रजक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। इस घटना ने तब नया मोड़ ले लिया जब मृतक के परिजन ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई। आत्महत्या से करीब एक घंटे पहले, धनौरा निवासी गोलू ने अपने इंस्टा ग्राम अकाउंट पर दो भावुक वीडियो पोस्ट किए थे। पहले वीडियो में विरह के बोल वाला गाना था, जबकि दूसरे वीडियो में 'सबके लिए अलविदा' संदेश के साथ एक गाना अपलोड किया गया था। इसके बाद उसने गेट नंबर 8 के पास ट्रेन के सामने आकर जान दे दी।

### सुसाइड नोट और विवादित लिखावट

घटनास्थल से एक डायरी में लिखा सात पन्नों का सुसाइड नोट मिला है। इसमें घर के कर्ज, ट्रैक्टर की किश्त और परिवार से माफी का जिक्र है। नोट में चाचा के लिए 'लव यू जान' लिखा गया है। हालांकि, मृतक के चाचा गनेश राम रजक ने दावा किया है कि सुसाइड नोट की लिखावट गोलू की नहीं है और इसमें कुछ गड़बड़ी की गई है।

मृतक के पिता रामकृष्ण रजक का आरोप है कि गोलू की हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि परिवार में पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था और कुछ दिन पहले कुछ लोग उसे मारने भी आए थे।

चाचा ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की है, क्योंकि उन्हें सुसाइड नोट फर्जी लग रहा है। उन्होंने कहा भतीजा पढ़ा है, उसके राइटिंग सुसाइड से मेल नहीं खा रही है। मामले की जांच कर रहे खुरई शहरी थाने के प्रधान आरक्षक विजय कुमार ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती तौर पर यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन बरामद सुसाइड नोट और परिजन के आरोपों की गहनता से जांच की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

---



## मैदान से निकलती है सफलता की असली राहः सिंह

**सागर।** बांदरी क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सबसे सशक्त साधन है। स्टेडियम, बांदरी में आयोजित इस मुकाबले में बाजार इलेवन बांदरी और केबीडी हीरो बांदरी के बीच रोमांचक मैच खेला गया, और बाजार इलेवन ने 44 रनों से शानदार जीत दर्ज की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मैदान में किया गया संघर्ष ही जीवन में सफलता की नींव रखता है। अविराज सिंह ने कहा कि मालथौन क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्होंने यह अनुभव किया कि ग्रामीण अंचलों में खेलों के प्रति युवाओं का बढ़ता उत्साह एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, समय प्रबंधन और लक्ष्य के प्रति समर्पण सिखाता है, जो उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि किला प्रांगण मालथौन में श्री महाकाली माता जी मंदिर में दर्शन एवं पूजन कर 56 भोग अर्पित करना आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव था। उन्होंने कहा कि जीवन में आध्यात्म और अनुशासन का संतुलन ही व्यक्ति को सशक्त बनाता है और यही संतुलन युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ाता है। अविराज सिंह ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे युवा अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जहां औसत आयु लगभग 28 वर्ष है। उन्होंने कहा कि युवा काल अमृत काल है और इस समय किया गया परिश्रम ही भविष्य को उज्ज्वल बनाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समय का सदुपयोग करें, अनुशासन को अपनाएं और आलस्य से दूर रहें, क्योंकि यही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि जो युवा आज मेहनत करता है, वही कल ऊंचाइयों को छूता है। उन्होंने कहा कि खेल हमें टीम भावना, नेतृत्व और धैर्य का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, जहां एक गेंद पूरा मैच बदल सकती है, ठीक उसी प्रकार जीवन में भी परिस्थितियां बदलती रहती हैं, लेकिन हमें अंतिम क्षण तक प्रयास नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं को नशे और गलत संगति से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि जो युवा मैदान से जुड़ा रहता है, वह जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ता है।उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर मैदान की चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि यही ऊर्जा और खेल भावना भविष्य के भारत की ताकत बनेगी। उन्होंने प्रेरणादायक शब्दों में कहा कि बाधाएं चाहे कितनी भी आएं, यदि संकल्प मजबूत हो तो सफलता निश्चित है।

---

## नारी शक्ति केवल परंपरा की पहचान नहीं, बल्कि समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैः प्रीति सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ संरक्षक भूपेन्द्र सिंह एवं जिलाध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला महिला विंग की जिलाध्यक्ष प्रीति सिंह राजपूत के नेतृत्व में गणगौर उत्सव के पावन अवसर पर मातृ शक्ति द्वारा भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया।



यह कार्यक्रम सागर कार्यकारिणी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

इस गरिमामयी आयोजन में अतिथि के रूप में भूपेन्द्र सिंह मुंहासा, रक्षा सिंह, वरिष्ठ सदस्य लीला चौहान, सुमन राजपूत, माधुरी ठाकुर, प्रमिला सिंह एवं अभिषेक गौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया तथा उनके प्रेरणादायक विचारों ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया।

कार्यक्रम के दौरान आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले निःशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। मातृ शक्ति द्वारा एक सशक्त टीम का गठन कर आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई तथा समाज के सभी वर्गों से इस पुण्य कार्य में सहयोग की अपील की गई।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रीति सिंह ने कहा जब मातृ शक्ति संगठित होती है, तो हर सामाजिक बदलाव संभव हो जाता है। हमारा यह प्रयास समाज की हर जरूरतमंद बेटी के सम्मान और उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित है।

कार्यक्रम में विशेष सहयोग हेतु अंशु सिंह, नेहा सोलंकी, अंकिता गौर, निरुपमा गौर, ज्योति चौहान, पारुल चौहान, श्रद्धा ठाकुर, ऋतु ठाकुर, बेबी ठाकुर, विनदेश राजपूत, दिव्या ठाकुर, नेहा राजपूत एवं राजबाला ठाकुर का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। यह आयोजन सामाजिक एकता, संस्कृति और सेवा भाव का सुंदर उदाहरण बनकर उभरा।

---

## बीएमसी बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**खुरई।** देहात थाना क्षेत्र के रजवांस रोड पर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर की बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार अरविंद अहिरवार (38) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रविवार शाम की है। गोलनी गांव निवासी अरविंद अहिरवार फसल कटाई के लिए हार्वेस्टर की बात करने धनोरा गांव जा रहे थे। गांव से कुछ ही दूरी पर पहुंचने पर पीछे से आ रही बस क्रमांक एमपी 02 ए व्ही 6545 के चालक ने तेज और लापरवाही से बस चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। परिजन तत्काल घायल अरविंद को खुरई सिविल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया गया है, जिसका पीएम सोमवार को किया जाएगा। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बस का पीछा किया। भूतेश्वर रेलवे गेट बंद होने के कारण बस पकड़ी गई। लोग बस में तोड़फोड़ और आग लगाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन खुरई शहरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर बस को सुरक्षित थाने में रखवाया। बस चालक बद्रीनारायण विश्वकर्मा को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

---

## टहल रहे राहगीर को बाइक ने मारी टक्करःदोनों घायल



**खुरई।** रजवांस रोड पर रविवार रात एक बाइक ने राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में राहगीर और बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों घायलों को सागर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, खुरई निवासी उमाशंकर सोनी (55) रात में खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। इसी दौरान दुगाहा कलां निवासी जयराम अहिरवार (30) ने अपनी बाइक से उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज दिया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए, 108 एम्बुलेंस की मदद से उन्हें बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर रेफर कर दिया गया। घायल राहगीर उमाशंकर सोनी के भतीजे सतीश सोनी ने बताया कि उनके चाचा खाना खाने के बाद किसी काम से पैदल निकले थे और कुछ ही दूरी पर उन्हें बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

---



## 21 मरीजों को 3 एम्बुलेंस से भेजा भोपाल

**गढाकोटा।** रविवार को क्षेत्र के विभिन्न गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों जिनमें हड्डी, कैंसर, लीवर, किडनी, आँख एवं बच्चादानी सहित अन्य रोगों से पीड़ित कुल 21 मरीज शामिल हैं । रविवार को उनके 22 परिजनों के साथ 3 एम्बुलेंस के माध्यम से 'गणनायक' से भोपाल के लिए बेहतर उपचार हेतु रवाना किया गया। अभिषेक भार्गव ने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि सभी शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच सकुशल लौटें। आप सभी के स्वस्थ जीवन की कामना ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

---

मुख्यमंत्री विशेष निधि से हुए निर्माण कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए

# विधायक शैलेंद्र जैन ने निगमाध्यक्ष, निगमायुक्त व पार्षदों की उपस्थिति में विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, पार्षदों एवं निगम अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठककर शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री विशेष निधी से किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि शहर के नागरिकों को सामाजिक,सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिए मंगल भवन का निर्माण कराया गया है, इन कार्यों में करीब 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु संबंधित इंजीनियर को सख्त निर्देश दिए ।

बैठक में जानकारी दी गई कि शहर में दो भव्य ऑडिटोरियम निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, इनमें से एक ऑडिटोरियम का निर्माण तिली चौराहा पर तेजी से प्रगति पर है, जबकि दूसरे ऑडिटोरियम के लिए उपयुक्त स्थान के चयन को लेकर बैठक में चर्चा की गई।



बैठक में विधायक जैन ने बताया कि शहर में 6 मिनी ऑडिटोरियम एवं खेल मैदानों की स्वीकृति मिल चुकी है। इनके निर्माण के लिए भी स्थान चयन पर पार्षदों से विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा शहर में तीन स्थानों पर राहतगढ़ बस स्टैंड रेलवे फाटक, भूतेश्वर मंदिर रेलवे लाइन एवं खेल परिसर से सिटी स्टेडियम तक फुटओवर ब्रिज निर्माण कराने तथा रेलवे विभाग से स्वीकृति प्राप्त करने हेतु पत्र भेजने तथाशुक्रवारी-शनीचरी वार्ड में नंदकिशोर होटल से खिन्नी के पेड़ तक सड़क निर्माण एवं सड़कों की मरम्मत कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़ी समस्याओं पर भी गंभीरता से चर्चा हुई। विधायक जैन ने निर्देश दिए कि जिन हितग्राहियों की पेंशन बंद है, उनकी केवाईसी कराकर समस्या का समाधान किया जाए। इसके लिए जोन स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएं। विवाह प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं के निराकरण पर भी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में धर्मेंद्र खटीक, अनूप उर्मिल, शैलेंद्र ठाकुर, रुपेश यादव, जिनेश साहू, नरेश यादव, नरेश धानक, बबलू कमानी, पराग बजाज, रीतेश तिवारी, मनोज चौरसिया, राधेश्याम सोनी, वैदेही पुरोहित, नीलोफर चमन अंसारी, कैलाश हसानी, रूबी कृष्णकुमार पटेल, देवेंद्र अहिरवार, विशाल खटीक, उपायुक्त एस.एस. बघेल, सहायक आयुक्त तबस्सुम खान,प्रभारी कार्यपालन यंत्री संजय तिवारी, उपयंत्री दिनकर शर्मा, आयुष शुक्ला, संयम चतुर्वेदी, महादेव सोनी सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## भगवान महावीर जयंती पर होगा अहिंसा रैली का आयोजन

**सागर।** जैन मिलन मुख्य शाखा द्वारा श्री गौरा बाई दिगंबर जैन मंदिर परिसर में एक बैठक आहूत की गई जिसमें आगामी 29 मार्च को सुबह 8:00 बजे विशाल अहिंसा रैली का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जैन मिलन मुख्य शाखा के संस्थापक संजय शास्त्री ने रैली के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रैली का उद्देश्य भगवान महावीर स्वामी अहिंसा और शांति संदेश के महत्व को बढ़ावा देना है। तत्पश्चात अध्यक्ष राजकुमार पडेले ने रैली की रूप रेखा जानकारी दी कि भगवान महावीर जयंती की पूर्व बेला पर आयोजित इस रैली को श्री गौराबाई दिगम्बर जैन मंदिर नमक मंडी के प्रांगण से प्रारंभ कर शहर के प्रमुख मार्गो तीनबत्ती, कोतवाली रोड, बड़ाबाजार, मोतीनगर चौराहा, राहतगढ़ बस स्टैंड, माता माडिया, विजय टॉकीज रोड, गुजराती बाजार, वर्णी कॉलोनी, लच्छू चौराहा,कीर्ति स्तंभ परकोटा, बसटैंड पीली कोठी, सिविल लाइन, शेर बंगला, गोपालगंज, एलिवेटेड कॉरिडोर आदि प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए कटरा में समापन किया जाएगा।बैठक में राकेश चाचाजी, जय कुमार राजश्री, महेंद्र बहरोल, नवीन बंगेला, रविकांत जैन अभी फैशन, अतुल तिली, प्रांजल, अंकित संजय मौली, संजय रजवास, विनय, राजेंद्र दलपतपुर ने अपने विचार रखे। वाहन रैली के संयोजक संजय सुविधा ने नए सदस्यता अभियान की शुरुआत की एवं कोषाध्यक्ष राजेश द्वारा सभी का मोमेंटो से अभिनंदन किया। अंत में श्रेयांश, मनीष जैन यूनिक,र ाजीव जैन, अतुल इलेक्ट्रीक,अजय मगरधा, वीरेंद्र वर्धमान, अनुज सेठ बलेह, रविकांत रजवास, आशीष डबडेरा,सुशील पड़वार, विनीत सेठ, राजकुमार कर्रापुर, दीपेश शक्ति, अमिताभ सिंघई, सचिन ने रैली में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए जैन समाज के सभी लोगों से अपील की । बैठक का संचालन व आभार जैन मिलन मुख्य शाखा के सचिव अभिषेक सेठ पिड़रुवा द्वारा किया गया।

### ऑक्सीजन पाइप लाइन चोरी होने के 4 माह बाद हुई पुलिस में शिकायत दर्ज

# बुजुर्ग की मौत के बाद जागा चोरी से अंजान स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सरकार द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य की गारंटी और विभाग की जागरूकता कितनी खोखली और मिथ्या हो चुकी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ऑक्सीजन की कमी के कारण हुई बुजुर्ग व्यक्ति की मौत के आरोपों के बाद हरकत में आए प्रशासन को यह जानकारी लगी कि जतारा अस्पताल में 4 माह पूर्व ही ऑक्सीजन की पाइप लाइन चोरी हो चुकी है। जिसके बाद आनन फानन में विभागीय अधिकारियों ने चोरी होने के 4 माह बाद 22 मार्च को जतारा पुलिस थाने में उक्त चोरी की शिकायत दर्ज कराने की खानापूर्ति की। मजे की बात तो ये है कि स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक को उक्त चोरी की जानकारी तब लगी ज़ब ऑक्सीजन की कमी के चलते बुजुर्ग की मौत होने पर बुजुर्ग ब्यक्ति के पुत्र द्वारा अपने पिता की मौत से दुखी होने पर वीडियो बनाकर बायरल किया गया। और मीडिया में ये वीडियो खबर की सुर्खियां बना। हालांकि स्वास्थ्य विभाग अभी भी कुतर्क करते हुए यह मानने को तैयार नहीं है कि बुजुर्ग की मौत ऑक्सीजन की कमी की बजह से हुई है। जिले में जतारा अस्पताल से सामने आई इस घटना ने स्वास्थ्य संबंधी सरकारी व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ जहां स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही ने एक पिता की जान ले ली और दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जा रहे लापरवाहीपूर्ण बयान व कार्यवाही के चलते स्वास्थ्य विभाग पर सवालिया निशान लगा दिया है।

जतारा अस्पताल में उदयपुरा गांव निवासी लंपु कुशवाहा की मौत ने स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता और लापरवाही की पोल खोलकर दी है। मृतक के बेटे काशीराम कुशवाहा ने वायरल वीडियो में आरोप लगाया था कि समय पर ऑक्सीजन मिल जाती तो उनके पिता की जान बच सकती थी। अंतिम संस्कार के दौरान चिता के पास बैठकर बेटे का दर्द कैमरे में कैद हुआ, जिसमें उसने कहा कि ये मेरे पिता की नहीं, बल्कि उदासीन व अमानवीय हो चुके सरकारी सिस्टम की राख है। काशीराम का आरोप है कि जनता के






स्वास्थ्य पर करोड़ों खर्च करने के दावे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं, जबकि हकीकत में अस्पतालों में बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं। गौरतलब है कि कोरोना काल में अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया गया था, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते वह कुछ ही महीनों में बंद हो गया और अब पाइप लाइन ही चोरी हो जाने के चलते ऑक्सीजन प्लांट शोपीस बनकर रह गया है।

### 4 माह पूर्व चोरी होने जाने की खबर से विभाग रहा अनभिज्ञ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी अनुरागी ने पूछने पर बताया कि बुजुर्ग की मौत के बाद जब जतारा अस्पताल प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगा गया तब पता चला कि ऑक्सीजन प्लांट के पाइप बिगत 4 माह पूर्व ही चोरी हो गए थे। जिसकी जतारा पुलिस में 23 मार्च को शिकायत की गई है। उल्लेखनीय है कि 23 मार्च को ही बुजुर्ग की मौत पर मृतक बुजुर्ग व्यक्ति के पुत्र काशीराम का भावुक वीडियो वायरल हुआ था। जिसपर मीडिया ने भी प्राथमिकता से खबरें प्रकाशित कर प्रशासन को उक्त मामले का संज्ञान दिलाया था। तब कही ये खुलासा हुआ कि ऑक्सीजन प्लांट के पाईप तो चोरी हो गये। इसके पहले उक्त चोरी से विभाग अंजान बना हुआ था।

### कलेक्टर, विधायक व सीएमएचओ को संदिग्ध जानकारी देकर किया गुमराह

ऑक्सीजन की कमी के चलते बुजुर्ग की मौत के मामले में मीडिया द्वारा खबरें प्रकाशित किए जाने के बाद ज़ब जतारा अस्पताल से स्पष्टीकरण मांगा गया तो उन्होंने उस पत्र में लिखा कि बुजुर्ग को ऑक्सीजन दी गई थी। लेकिन ऑक्सीजन देने के सबूत के तौर पर दी गई फोटो में चेहरा विहीन सिर्फ हाथ की फोटो और नाम विहीन दवा पर्चे का सिर्फ दवाई लिखा हुआ स्थान की फोटो लगाकर दी गई। जिससे पता चलता है कि किसी अन्य व्यक्ति के हाथ और पर्चे की फोटो देकर कलेक्टर, स्थानीय विधायक व सीएमएचओ को गुमराह करने का प्रयास किया गया। ऑक्सीजन की कमी के चलते हुई बुजुर्ग की मौत के मामले में ज़ब सीएमएचओ डॉ ओपी अनुरागी से पूछा गया तो उन्होंने लापरवाहीपूर्ण जबाव देते हुए कहा कि ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं थी। ऑक्सीजन के सिलेंडर रखे हुए थे जिनसे मरीज को ऑक्सीजन दी गई है। उन्होंने कहा कि



कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतारा
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)
Email ID – bmojatara@rediffmail.com chcjatarabpmu@gmail.com

क्रमांक/सी.एच.सी./2026/ 230 जतारा, दिनांक 22-3-26

प्रति,
श्रीमान् कलेक्टर महोदय
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)

विषय : दिनांक 15/03/2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतारा में मरीज लम्पू कुशवाहा के उपचार के संबंध में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि दिनांक 15/03/2026 को रात्रि लगभग 10 बजे मरीज लम्पू कुशवाहा त. श्री माखन कुशवाहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतारा में सांस फूलने की समस्या लेकर आये उस समय संस्था में डॉ. रूद्र प्रताप सिंह मेडीकल ऑफीसर ड्यूटी पर उपस्थित थे।

डॉ. रूद्र प्रताप सिंह मेडीकल ऑफीसर द्वारा अभिकथन कर लेख किया गया है कि मरीज श्री लम्पू कुशवाहा के संस्था में आने पर तत्काल उनका उपचार प्रारंभ किया गया एवं सांस फूलने से संबंधित इंजेक्शन मरीज को दिये गये साथ ही मरीज को ऑक्सीजन लगाई गई, मरीज के ऑक्सीजन मास्क पर सैचुरेशन 98% आ गया था दिये गये इंजेक्शन एवं ऑक्सीजन का विवरण मरीज के पर्चे पर भी दर्ज किया गया था,किन्तु मरीज के कहे अनुसार उसे अभी भी पूर्णत: आराम नही है,इसलिए ड्यूटी डॉक्टर द्वारा मरीज को जिला अस्पताल टीकमगढ रेफर करने की सलाह दी गई चूकि मरीज को ऑक्सीजन लगी हुई थी और आराम भी हो गया था, जब मैं पुन: मरीज को चेक करने गया तो मरीज वहां पर नही मिला वह अपनी मनमर्जी से वहां से जा चुके थे।

श्रीमान् जी संबंधित मरीज का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतारा में हर संभव उपचार किया गया एवं ऑक्सीजन भी दी गई,मरीज के उपचार में कोई भी लापरवाही नही की गई है।

अत: प्रतिवेदन श्रीमान् की ओर सादर प्रस्तुत है।

संलग्न- ड्यूटी डॉक्टर का अभिकथन
मरीज का पर्चा एवं अन्य छायाचित्र

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतारा
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)

पृ.क्रमांक/सी.एच.सी./2026/ 230 जतारा, दिनांक 22-3-26
प्रतिलिपि – वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही
1. श्रीमान् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला टीकमगढ़
2. स्थानीय कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतारा।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतारा
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)

मरीज को श्वास की बीमारी के अलावा अन्य बीमारी भी थी जिसके चलते उनकी मौत हो गई। तो अब कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन सीएमएचओ डॉ ओपी अनुरागी के पास इस बात का कोई जबाव नहीं था कि ऑक्सीजन पाइप लाइन चोरी होने के 4 माह बाद तक विभाग को जानकारी कैसे नहीं लगी। और बिना पाइप लाइन के ऑक्सीजन कैसे दी सकती है। क्योंकि ऑक्सीजन सिलेंडर से तो मरीज को ऑक्सीजन दी नहीं जाती। जिसकी कई बार शिकयते भी हो चुकी है।

### इनका कहना है

हमने अपने जतारा विधानसभा वासियों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से जतारा अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगवाया और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं, लेकिन विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते मरीज को इलाज नहीं मिल रहा। जिस पर कार्यवाही कराई जाएगी।

**हरिशंकर खटीक,** विधायक जतारा

मरीज को ऑक्सीजन मिली है। ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। 4 माह पूर्व ऑक्सीजन पाइप लाइन चोरी हुई थी जिसकी शिकायत 22 मार्च को थाने में की गई।

**डॉ ओपी अनुरागी,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग टीकमगढ़



# टीएल बैठक में कलेक्टर का सख्त रुख, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में टीएल समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं और लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**संकल्प से समाधान, जल गंगा संवर्धन, फसल क्षति सहित की गई अन्य समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने संकल्प से समाधान अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान, ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति, ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद वितरण, जनगणना 2026 की तैयारियां, कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना, पीएम डीडीकेवाई, फार्मर रजिस्ट्री, छिर धारा ग्राम योजना, डीएमएफ एवं डीएटीसीसी की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना एवं टीएल पत्रों पर की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अधिकारियों से कहा कि राजस्व, कृषि, पंचायत, स्वास्थ्य और नगरीय निकाय से जुड़े मामलों में आमजन को अनावश्यक परेशान न होना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में प्रगति दिखाई देना चाहिए और सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सुश्री अंजली शर्मा एवं निशांत भूरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देश दिए कि जिन योजनाओं की प्रगति धीमी है, उनमें तत्काल सुधार लाया जाए और आगामी टीएल बैठक से पहले सभी विभाग प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### रविवार को मोबाइल घर पर छोड़कर निकला था 63 वर्षीय बुजुर्ग

# कुंडेश्वर की जमडार नदी में मिला लापता बुजुर्ग का शव, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर के कुंडेश्वर मंदिर के पास बहने वाली जमडार नदी में सोमवार सुबह एक बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। बाद में शव की पहचान 63 वर्षीय हेमंत जैन निवासी टीकमगढ़ के रूप में हुई। कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि हेमंत जैन रविवार से लापता थे। उनके बेटे मोहित जैन ने रविवार को कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी। परिजन भी रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उनकी खोजबीन कर रहे थे, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया था।

सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कुंडेश्वर क्षेत्र में जमडार नदी में एक बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान लापता हेमंत जैन के रूप में की। परिजनों के अनुसार हेमंत जैन रविवार को घर से निकलते समय अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ गए थे, जिसके कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका और उनकी तलाश में परेशानी हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है, वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### मोबाइल घर पर छोड़कर रविवार को निकले, फिर नहीं लौटे

परिजनों के अनुसार हेमंत जैन रविवार को बिना मोबाइल के घर से निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई। अगले ही दिन नदी में शव मिलने से परिवार में शोक की लहर फैल गई। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि मामला दुर्घटना, आत्महत्या या अन्य किसी कारण से जुड़ा है।

### खेत से घर लौट रहे युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पिटाई की

ललितपुर। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम मैनवारा में खेत से घर लौट रहे एक युवक को रास्ते में रोककर गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर युवक पर लाठी-डंडों से हमला किया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मैनवारा निवासी चालीराजा (24 वर्ष) पुत्र निहाल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार (19 मार्च) की शाम करीब 5:30 बजे वह अपने खेत से भैंसों को लेकर घर आ रहा था। रास्ते में गाँव के ही इन्द्रभान पुत्र मान सिंह और उसकी पत्नी सीता ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर चालीराजा के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया, तो दोनों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं। शनिवार को पीड़ित ने जखौरा थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### रात में घर के बाहर महिला से मारपीट, मुकदमा दर्ज

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र के ग्राम बरखिरिया में एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरखिरिया निवासी सुमन पत्नी हरिराम विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मार्च 2026 की रात करीब 1 बजे वह अपने घर में सो रही थीं। तभी गांव का ही रोहित पुत्र सुदेव मिश्रा उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने बिना किसी वजह के उसके साथ मारपीट कर दी और लात-घूंसों से पीटा।

### एसपी मंडलोई के नेतृत्व में विशेष अभियान

# शिकंजा: 3200 से अधिक संदिग्धों पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले भर में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की गई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 के दौरान जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में संदिग्ध एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें बाउंड ओवर कराया गया। अभियान के




अंतर्गत धारा 107/116 के अंतर्गत 3032 व्यक्तियों, धारा 151 के अंतर्गत 114 व्यक्तियों, धारा 145 के अंतर्गत 66 व्यक्तियों एवं धारा 110 के अंतर्गत 84 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इस प्रकार कुल 3200 से अधिक व्यक्तियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बाउंड ओवर कराया गया। पुलिस की इस प्रभावी एवं सतत कार्रवाई के परिणामस्वरूप जिले में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित हो रहा है तथा कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनी हुई है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अपराध नियंत्रण एवं जन सुरक्षा के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### क्या होती है प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और बाउंड ओवर

प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत ऐसे व्यक्तियों पर कानूनी बंधन लगाए जाते हैं, जिनसे शांति भंग होने या अपराध की आशंका होती है। बाउंड ओवर की कार्रवाई में संबंधित व्यक्ति को भविष्य में शांति भंग न करने के लिए पाबंद किया जाता है और शर्तों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाती है।

### खरगापुर पुलिस ने दिखाई मानवीय संवेदनशीलता

# डायल-112 की तत्परता से बची घायल हुए युवक की जान

**टीकमगढ़।** जिले में आमजन की सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को आम नागरिकों की सहायता के प्रति संवेदनशील एवं तत्पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का असर अब मैदानी स्तर पर भी दिखाई देने लगा है।

इसी क्रम में दिनांक 22 मार्च को रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे थाना खरगापुर क्षेत्र अंतर्गत फुटेर के पास एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक के घायल होने की सूचना डायल-112 सेवा को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना खरगापुर में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर डायल-112 स्टाफ आरक्षक चंद्रपाल अहिरवार एवं पायलट सुरेंद्र सिंह लोधी ने देखा कि एक युवक मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस टीम ने संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए बिना विलंब के घायल युवक को एफआरवी वाहन के माध्यम से शासकीय चिकित्सालय खरगापुर पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। इस त्वरित एवं




मानवीय कार्रवाई से एक बार फिर टीकमगढ़ पुलिस की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता एवं सजगता परिलक्षित हुई है। पुलिस द्वारा इस प्रकार की आपात सहायता सेवा जिले में निरंतर जारी रखी जा रही है, जिससे आमजन को आपात स्थिति में समय पर मदद मिल सके।

**डायल-112: मुसीबत में सबसे पहले पुलिस** जिले में डायल-112 सेवा आपातकालीन स्थिति में लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हो रही है। सड़क दुर्घटना, झगड़ा, बीमारी या अन्य संकट की स्थिति में सूचना मिलते ही पुलिस की एफआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर सहायता उपलब्ध करा रही है। जिले में कई मामलों में डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

### एसपी मंडलोई की पहल से ग्रामीणों की सुरक्षा व जागरुकता पर विशेष जोर

# बुंदेली जनसंवाद से शिकायतों में 36 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा संचालित बुंदेली जनसंवाद चौपाल कार्यक्रम अब एक प्रभावी जनसंवाद मंच के रूप में स्थापित होता नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में चल रही इस पहल के माध्यम से पुलिस सीधे गांव-गांव पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुन रही है और उनके त्वरित निराकरण की दिशा में कार्यवाही कर रही है।

अभियान के अंतर्गत थाना एवं चौकी स्तर के अधिकारी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल आयोजित कर रहे हैं। इसी क्रम में 22 मार्च को बुडेरा, चंदेरा, पलेरा, लिधोरा, खिरिया, देरी, मजना एवं देवरदा सहित विभिन्न ग्रामों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं, सुझावों एवं अनुभवों को गंभीरता से सुना गया तथा कई मामलों में मौके पर ही निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस पहल से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने, साइबर अपराधों से बचाव, हेल्पलाइन 1930 के उपयोग, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन तथा अफवाहों से सतर्क रहने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

कृषक समुदाय को फसलों की सुरक्षा, विशेषकर आगजनी से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा आपात स्थिति में तत्काल पुलिस एवं फायर सेवाओं को सूचना देने की अपील की गई। आगामी त्योहारों को देखते हुए ग्रामीणों से आपसी भाईचारा, शांति एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई। इस अभिनव पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता और संवाद बढ़ने से आमजन का विश्वास मजबूत हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्राप्त शिकायतों में लगभग 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि संवाद के माध्यम से ही विश्वास का निर्माण होता है। पुलिस और जनता के समन्वय से ही सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण समाज की स्थापना संभव है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस टीकमगढ़ जनसंवाद, सहयोग एवं विश्वास के माध्यम से सुरक्षित, जागरूक एवं सहभागी समाज के निर्माण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

# बैठक स्थगित करने के मामले ने तूल पकडा, सीएमओ पर मनमानी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत 16 मार्च को आयोजित होने वाली परिषद की बैठक स्थगित कर देने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में विपक्ष दल के पार्षदों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन सौंपते हुए सीएमओ आरआर यादव पर मनमानी कर नगर का विकास अवरुद्ध करने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उधर सीएमओ आरआर यादव का कहना है कि उन्होंने यह बैठक पार्षदों के कहने पर ही स्थगित की थी जो शीघ्र ही दोबारा आयोजित की जाएगी।

पार्षदों द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि 16 मार्च को नगर पालिका परिषद की बैठक आयोजित करने का एजेंडा सीएमओ द्वारा जारी किया गया था लेकिन बैठक की नियत तिथि से दो दिन पहले ही सीएमओ द्वारा सभी पार्षदों को बैठक निरस्त करने की सूचना निकाल दी गई। ओर इसका कोई ठोस कारण भी नहीं बताया गया अपनी मनमर्जी अनुसार बैठक निरस्त कर दी गई। जबकि परिषद की बैठक कराने के लिए कमिश्नर चंबल संभाग द्वारा भी निर्देशित किया गया था इस लिहाज से बैठक निरस्त करना चंबल संभागायुक्त के निर्देश की अवहेलना भी है। ज्ञापन में उल्लेख है कि पिछले 06 माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी परिषद की बैठक आहूत नही की गई है, जिससे प्रतीत होता है कि जनहित के कार्यों के प्रति सीएमओ गंभीर नहीं है, निरस्त हुई बैठक में वर्ष के अंतिम माह में बजट पेश करना भी शामिल था जो नगर के विकास के लिए बेहद जरूरी है। जनता से जुड़े कार्यों में सीएमओ की रूची नहीं लेना उनके कार्य के प्रति गैर जिम्मेदारी को दर्शाता है। वह अपनी मनमानी कर रहे हैं तथा अपने आर्थिक हितों को साध रहे हैं।



### कोर्ट में जाने की तैयारी में विपक्ष

सूत्रों की माने तो परिषद की बैठक विगत 6 माह से नहीं होने के मामले को लेकर नगर पालिका में विपक्षी दल के पार्षद कोर्ट जा सकते हैं दरअसल हाई कोर्ट ने नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर को वोट चोरी कर सरकार बनाने के मामले में सुनवाई पूरी होने तक पावरलेस घोषित किया हुआ है जिससे वह परिषद बैठक की अध्यक्षता नहीं कर सकती साथ ही अध्यक्ष की हैसियत से कोई निर्णय भी नहीं ले सकती ऐसी स्थिति में पार्षदों द्वारा मांग करने पर विगत दिनों उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक करने का एजेंडा तो जारी हुआ था लेकिन उसे निरस्त कर दिया गया अब इस मामले को विपक्ष इसे उसी कोर्ट में ले जाना चाहता है जहां नपाध्यक्ष रेनू राठौर के खिलाफ प्रकरण चल रहा है। सूत्रों की माने तो वकील से परामर्श के बाद ही पार्षदों ने प्रॉपर चैनल अपनाकर कोर्ट जाने का निर्णय लिया है ताकि कोर्ट प्रोपर चैनल अपनाने के निर्देश न दे दे। उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। यानी परिषद की बैठक आयोजित क्यों नहीं कराई जा रही और स्थगित क्यों की गई इसकी शिकायत पहले कलेक्टर से करनी है और फिर समय सीमा गुजरने के बाद मामले को कोर्ट में ले जाया जाएगा।

### उपाध्यक्ष की भूमिका पर उठ रहे सवाल

कमिश्नर और कलेक्टर को शिकायत करने के बाद जो बैठक 16 मार्च को आयोजित की जाने वाली थी उस बैठक के आयोजित करने के लिए हवाला नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष संजय महाना द्वारा बैठक कराए जाने की मांग का उल्लेख किया गया था नगर पालिका अध्यक्ष की अनुपस्थिति में नगरपालिका अधिनियम की धारा 56 के तहत नपा उपाध्यक्ष को प्रावधान है कि वह परिषद की बैठक आयोजित कर सकता है उक्त अधिनियम के तहत कलेक्टर के निर्देश पर सीएमओ ने उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए थे और एजेंडा भी जारी हो गया था लेकिन 2 दिन पहले बैठक स्थगित हो गई। अब पार्षदों ने बैठक को स्थगित करने में सीएमओ पर मनमानी करने विकास कार्य को अवरुद्ध करने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है पर इस मामले में नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय महाना की भूमिका भी कम संदिग्ध नजर नहीं आ रही है पहले तो वह लगातार आवेदन देकर बैठक कराने की मांग कर रहे थे और अब बैठक स्थिति हुई है तो ना तो इस बात का खंडन कर रहे हैं कि उन्होंने खुद बैठक स्थगित करने के निर्देश दिए थे और ना ही दोबारा बैठक बुलाने की मांग कर रहे हैं।

### इनका कहना है...

एजेंडे में कुछ अति महत्वपूर्ण बिंदु रह गए थे जिन्हें जोड़ने के लिए पार्षदो ने ही बैठक स्थगित करने की मांग की थी नियम अनुसार बैठक स्थापित की गई है जिसे दोबारा आहूत किया जाएगा।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

सीएमओ मनमानी कर रहे हैं। कमिश्नर के आदेश भी नहीं मान रहे हैं इस मामले में हम वकील के संपर्क में हैं जनहित के लिए अगर कोर्ट की जाने की जरूरत पड़ी तो वहां भी जाएंगे।

**सलाउद्दीन बेलिम**
**पार्षद नेता प्रतिपक्ष नपा श्योपुर**

कुरीतियों पर अंकुश लगाने कुशवाह समाज की सकारात्मक पहल

# बारात में शराब पीकर नाचने पर होंगे दंडित, मृत्यु भोज बंद किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर क्षेत्र के कुशवाहा समाज ने एक महा पंचायत प्रसिद्ध काली माता मंदिर (टेंटरा) पर आयोजित की जिसमें कुरीतियों को मिटाने और शादी विवाह जैसे आयोजन का बोझ बेटी के परिवार के सिर से कम करने जैसे सकारात्मक निर्णय लिए गए जिसमें मृत्यु भोज बंद करने,नशा की प्रवृत्ति रोकने जैसे निर्णय मुख्य रूप से लिए गए है।

कुशवाह महासभा विजयपुर के तत्वावधान में ग्राम जवाहरागढ़ स्थित टेंटरा बारह के काली माता मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं युवा वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहा। बैठक में समाज में फैली कुरीतियों पर गंभीर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। जो समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कर सामाजिक जागरूकता लाने में सफल होगा।



### बैठक में लिए गए फैसले

सार्वजनिक स्थानों एवं शादी समारोह में शराब सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित। यदि कोई व्यक्ति शराब पीकर हुड़दंग करता पाया गया तो उस पर 2100 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं गांव या मोहल्ले में शराब बिक्री पाए जाने पर 5100 रुपए का अर्थदंड तय किया गया है। यह नियम सट्टा जुआ पर भी लागू होगा।

सगाई संबंध पूरी जानकारी और सहमति के साथ किए जाने पर जोर दिया गया। यदि सगाई के बाद लड़के पक्ष द्वारा संबंध तोड़ा जाता है तो 51,000 रुपए का जुर्माना लगेगा। यदि लड़की पक्ष संबंध तोड़ता है तो उस पर 21,000 रुपए का दंड देय होगा। सगाई में दिए गए सोने के आभूषण वापस करना अनिवार्य होगा। पहले मामले का निपटारा क्षेत्रीय स्तर पर और बाद में महासभा द्वारा किया जाएगा।

मृत्यु भोज को सामाजिक अभिशाप मानते हुए इसे पूर्णतः बंद करने का निर्णय लिया गया। अलबत्ता शोक सभा का समय दोपहर 12 से 1 बजे निर्धारित किया गया। शोक के दिन भोजन व्यवस्था बंद रहेगी। अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रम केवल परिवार तक सीमित रहेंगे। तेरहवीं पर केवल करीबी रिश्तेदारों को ही आमंत्रित किया जाएगा और अनावश्यक खर्च पर रोक रहेगी।

# आस्था पूर्वक शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनी, रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह की जयंती सोमवार को सरदार शहीद भगत सिंह फैंस क्लब ने आस्था पूर्वक मनाई इस दौरान शहर में विशाल जुलूस निकाला। शहर के विभिन्न मार्गो से निकले जुलूस पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर जुलूस में शामिल यात्रियों का स्वागत किया।

शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर फैंस क्लब ने शहीद दिवस पर भगत सिंह पार्क पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जिसमें शहीद भगत सिंह,राजगुरु , सुखदेव जी के जीवन व्रत और आजादी में उनके योगदान पर प्रकाश डाला इस दौरान युवाओं ने रक्तदान कर उन्हें श्रद्धांजलि दी शहर में बड़ी संख्या में पहुंचे फैंस क्लब से जुड़े कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर ट्राली एवं चार पहिया वाहनों के माध्यम से रैली निकाली शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी रैली पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जुलूस का समापन शहीद भगत सिंह पार्क पर किया गया।



### एबीवीपी कार्यकर्ताओ ने कॉलेज परिसर में शहीद दिवस मनाया



पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्योपुर में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कॉलेज कार्यकारिणी द्वारा शहीद दिवस मनाते हुए शहीद भगत सिंह , राजगुरु , सुखदेव जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में एबीवीपी महाविद्यालय कार्यकारिणी के अध्यक्ष अभिषेक मीणा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह देश के युवाओं के लिए हमेशा एक असीम प्रेरणास्रोत रहेंगे। आज के युवाओं को उनके विचारों और राष्ट्रप्रेम की भावना को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में भाग संयोजक सुनील गुर्जर, विष्णु वाल्मीकि, अभिषेक सिकरवार, विकास गुर्जर, हंसराज गुर्जर, शिवम भदौरिया, मयंक मीणा, कल्पना गौड़, रोहित गुर्जर, होतम जाट, नवीन गुर्जर, गौरव शर्मा और विजय सुमन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दर्जन भर से अधिक लापरवाह दुकानदारों पर जुर्माना, अतिक्रमण हटाया

# एसडीएम बोले हद में रहें दुकानदार बाहर निकले तो कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अतिक्रमण के कारण बार बार लगने वाले जाम की स्थिति से लोगों को निजात दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा ने शहर के पटेल चौक से बस स्टैंड तक सड़कों तक पसर रहे दुकानदारों का सामान हटवा कर उन्हें हद (दुकान की सीमा नाली के ऊपर तक) में रहने की चेतावनी दी। इस दौरान नगर पालिका ने दर्जन भर से अधिक लापरवाह दुकानदारों के खिलाफ जुर्माना कर उन्हें दंडित किया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत सोमवार को एसडीएम गगन सिंह मीणा के नेतृत्व में नगरपालिका के मदाखलत अमले ने पाली रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान सड़कों तक अपना सामान रखकर बैठे दुकानदारों को एसडीएम ने दुकान के भीतर सामान रखने की नसीहत देते हुए समझाया कि वह नाली के ऊपर थड़ा रख सकते हैं ताकि सामान नाली में न गिरे लेकिन नाली के ऊपर स्थाई कब्जा न करें न ही सड़क पर सामान रखें अन्यथा सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पहले दिन हल्के फुल्के चालानी कार्रवाई करते हुए सुधार नहीं होने पर भारी जुर्माना और सामान जब्ती की कार्रवाई की चेतावनी एसडीएम ने दी। इस कार्रवाई के दौरान यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में यातायात थाने की टीम भी मौजूद थी



### बस स्टैंड में की मुनादी दुकानों के भीतर रहें ऑपरेटर

पाली रोड पर बाजार से अतिक्रमण हटाने के बाद एसडीएम दलबल सहित एकीकृत बस स्टैंड पहुंचे जहां उन्होंने मुनादी कर बस ऑपरेटरों व एजेंटों को चेतावनी दी कि वह टिकट काटने जैसा कार्य सड़कों पर काउंटर लगाकर ना करें यह काम दुकान के भीतर बैठकर किया जाए। या फिर नगर पालिका ने जो टिकट खिड़की बनाई है उसका उपयोग किया जाए। इस दौरान उन्होंने वहां खड़े हाथ ठेले वालों को फल मंडी में जाने के निर्देश देते हुए निर्देश की पालना नहीं करने पर भारी जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई के चेतावनी दी।

# सब्जी नहीं बनाने पर भड़का पति लाठी मारकर पत्नी का सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सब्जी नहीं बनाने की बात को लेकर भडके पति ने पत्नी की लाठी से मारपीट करते हुए उसका सिर फोड दिया। यह मामला बडौदा थाना क्षेत्र के सोरती सहराना बडौदा का है। इस मामले में पुलिस ने पत्नी की रिपोर्ट पर पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। बडौदा थाना पुलिस ने बताया कि सोरती सहराना बडौदा निवासी हसीना आदिवासी पत्नी अशोक आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती शाम को पति पर घर आया और सब्जी न बनाने की बात को लेकर विवाद करने लग गया। इसके बाद पति ने लाठी से मारपीट कर दी। जिससे हसीना जख्मी हो गई और उसका सिर लहुलूहान हो गया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति अशोक आदिवासी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# एसडीएम ने कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया



श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम श्योपुर ने सोमवार को कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर अधीनस्थ अमले को व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता कार्य एवं सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा

# कलेक्टर ने चंद्र सागर तालाब का किया निरीक्षण, कार्यों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सोमवार को बडौदा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चन्द्रसागर तालाब पर जारी स्वच्छता एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान नगरपरिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन, उपाध्यक्ष दारा सिंह बंजारा, सीएमओ ताराचंद धूलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहें।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने चन्द्रसागर तालाब के निरीक्षण के दौरान सीएमओ को निर्देश दिये कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराये जा रहे कार्यो के क्रम में तालाब की पूरी तरह से साफ-सफाई सुनिश्चित की जायें, तालाब स्थल पर कचरा संग्रहण के लिए डस्टबिन लगाई जायें एवं ओर अधिक पर्यटन सुविधाएं विकसित की जायें। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि तालाब के बीच से होकर निकली बिजली की लाईन को सुरक्षा की दृष्टि से शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार कर एमपीईबी को भेजा जायें।

इसके बाद कलेक्टर ने बडौदा स्थित तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं कार्यो का जायजा लिया, इस दौरान तहसीलदार सुरेश राठौर, आरआई दिव्यराज धाकड आदि मौजूद रहें। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार को निर्देश दिये कि मार्च के दृष्टिगत रख राजस्व वसूली में गति लाई जायें। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा भी की।



### कलेक्टर ने शिव मंदिर में दर्शन किए, जल चढ़ाया

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा चन्द्रसागर तालाब के निरीक्षण के दौरान प्राचीन धार्मिक स्थल शिवमंदिर के दर्शन किये तथा महादेव को जल अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से चर्चा भी की।



### कलेक्टर ने कराहल अस्पताल का निरीक्षण किया, टीकाकरण की गति बढ़ाने के निर्देश



कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सोमवार को कराहल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को एचपीवी टीकाकरण की गति बढाये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा, ब्लॉक मेडिकल आफिसर डॉ सौरभ कुशवाह, सीईओ जनपद राकेश शर्मा, तहसीलदार रोशनी शेख सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का आंकलन किया गया। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा ने जानकारी दी कि प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रो के माध्यम से टीकाकरण किया जा रहा है तथा अभी तक 40 प्रतिशत के लगभग टीकाकरण का कार्य किया गया है।


अलग अलग घटनाओं में तीन की मौत, पुलिस जांच में जुटी

# नेशनल हाईवे पर महिला की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत, दो लोगों की डूबने से गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में अलग अलग स्थानों पर घटित घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। महिला की जहां रात्रि के दौरान नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन के द्वारा कुचल देने से दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई। यह तीनों मामले अलग अलग थाना क्षेत्र के है,इसलिए तीनों मामलो में संबंधित थानों की पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

देहात थाना पुलिस के मुताबिक शहर के पाली रोड पर जीवन एकेडमी स्कूल के पास रहने वाली महिला रोशनी 50 वर्ष पुत्री बजरंगलाल मोगिया दिमागी रूप से ठीक नहीं थी। इसलिए वह इधर उधर घूमती रहती थी। सोमवार रविवार की दरमियानी रात को अब महिला रोशनी सोईकलां और रायपुरा के बीच बंदी छोड स्कूल के पास नेशनल हाइवे पर पैदल गुजर रही थी,तभी वहां से गुजरे किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की सूचना पुलिस को सोमवार की सुबह नेशनल हाइवे से गुजरे लोगों ने दी।जिसके बाद पुलिस ने महिला के शव को जिला अस्पताल लाकर उसका पीएम करवाया और फिर उसके शव को परिजनों के सुपुर्द किया। महिला को कुचलने वाले वाहन का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है।



### लापता युवक का चंबल नहर में शव मिला

तीन दिन पहले लापता हुए युवक का शव बीती शाम को चंबल दाहिनी मुख्य नहर में मिला है। बडौदा थाना पुलिस ने बताया कि रूप सिंह आदिवासी 20 वर्ष पुत्र परिचंद आदिवासी निवासी मसावनी गत 19 मार्च को गांव व परिवार के लोगो के साथ मजदूरी करके वापस अपने गांव लौट रहा था, रतोदन की पुलिया के पास जब यह लोग किसी काम से रूके तो रूप सिंह आदिवासी अचानक लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर उसकी तलाश शुरू की गई, मगर उसका कोई पता नहीं चला। इसी बीत रविवार की शाम को ग्राम पच्चीपुरा के पास चंबल नहर में रूप सिंह आदिवासी का शव पडा मिला है। जिसे पुलिस ने नहर से बरामद करने के बाद पीएम उपरांज परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तीन दिन से लापता युवक की नदी में लाश मिली



मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरनावदा के पास सीप नदी में सोमवार की सुबह एक युवक की लाश मिली है। मृतक युवक की पहचान लख्मी बैरवा 22 वर्ष पुत्र गंगाधर बैरवा निवासी गुरनावदा के रूप में हुई है। मृतक युवक तीन दिनों से लापता चल रहा था। पुलिस ने बताया कि लख्मी बैरवा दिमागी रूप से भी थोडा कमजोर था और वह 20 मार्च को अचानक घर से लापता हो गया था। जिसकी तलाश परिजन और पुलिस के द्वारा की जा रही थी। सोमवार की सुबह उसकी लाश गांव के पास से ही गुजरी सीप नदी में तैरती मिली है। पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी ।

### इनका कहना...

ये तीनों मामले अलग अलग थाना क्षेत्र के है। संबंधित थानों की पुलिस ने तीनो ही मामलों में मर्ग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**प्रवीण भूरिया**
**एएसपी,श्योपुर**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी अभिषेक साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंवरपुर निवासी घनश्याम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगदीश, जयपाल, भूरा, अभय लोधी ने उसके खेत पर जबरदस्ती कब्जा कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ खिन्नी मोहल्ला निवासी नीरज कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आकाश आदित्य, प्रीतम और बाबू केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### पंखे से महिला ने रस्सी का फंदा बनाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम खैजरी खरगो निवासी बबली बाई पत्नि महेन्द्र सिंह रघुवंशी उम्र 48 साल ने अपने ही घर के कमरे में छत पर लगे पंखे के लोहे के कुन्दे पर कपड़े की रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं, जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम सकर्रा निवासी कैलाश राय के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। नईसरायं पुलिस ने ग्राम ऊमरी निवासी हरिओम शिकारी के पास से 4 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत पुलिस ने महु आलमपुर निवासी राजकुमार कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मेमू ट्रेन समर स्पेशल के रूप में चलाने की तैयारी

**अशोकनगर।** ग्वालियर से गुना जिले के रूठियाई स्टेशन तक शिवपुरी गुना के रास्ते एक नई समर स्पेशल ट्रेन ग्वालियर रूठियाई मेमू ट्रेन के रूप में चलाए जाने की तैयारी पूरी हो गई है। यह ट्रेन 30 जून तक चलाई जाएगी यह प्रत्येक रविवार और वुधवार को चलेगी, रेलवे ने रैक उपलब्ध करा दिया है लेकिन पिट लाईन में जगह की कमी बनी हुई है।

### रामनवमी महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित की गई



**अशोकनगर।** 27 मार्च को रामनवमी का पर्व को महोत्सव के रूप में मनाए जाने के लिए हनुमान मंदिर प्रबंधक ट्रस्ट द्वारा मंदिर परिसर में एक समाज सेवीयों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की जानकारी देते हुए ट्रस्ट के सचिव जगतनारायण राजौरिया ने बताया कि रामनवमी पर भगवान की विशाल रथ यात्रा सराफा बाजार हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी जो सुभाषगंज स्टेशन रोड, गांधी पार्क, विदिशा रोड, पुराना बाजार, इन्द्रा पार्क आदि मार्गों से होकर निकलेगी। इस रथ यात्रा आयोजन को भव्य बनाने के लिए हनुमान मंदिर प्रबंधन ट्रस्ट द्वारा विभिन्न समाज के समाज सेवी व अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें महेन्द्र भारद्वाज, दीपक मिश्रा, विनोद सोनी, रामकुमार रघुवंशी, उपेन्द्र पाराशर, राकेश नामदेव, रघुवीर नामदेव, हरिओम शर्मा, राजकुमार नगेश्री, रामकुमार चैधरी, दिनेश जैन, संजीव यादव व ट्रस्ट के सदस्य गण उपस्थित रहे। सभी ने अपने अपने सुझाव रखे व श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीराम रथ यात्रा को भव्य बनाने के लिए अपना योगदान दिए जाने की बात कही।

---

### श्रुतधाम में आयोजित श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन

# विधान केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने का दिव्य मार्ग भीः संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



श्रुततीर्थ श्रुतधाम में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में 16 मार्च से आयोजित श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का सोमवार को धार्मिक वातावरण में समापन हुआ। विधान बाल ब्रह्मचारी संदीप सरल भैया, बाल ब्रह्मचारी अनिल भैया इंदौर, बाल ब्रह्मचारी अविनाश भैया भोपाल, बाल ब्रह्मचारी मनीष भैया जहाजपुर एवं बाल ब्रह्मचारी मोनू भैया मुंगावली वालों के मंगल सानिध्य मैं संपन्न हुआ। सात दिवसीय इस पावन आयोजन में प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन एवं विधान सम्पन्न हुए। वहीं सायंकाल में आरती, भक्तामर दीपचर्चना, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन एवं सायंकालीन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

संदीप भैया ने अपने प्रवचन में बताया श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने का दिव्य मार्ग है। इस विधान के माध्यम से हम अपने कर्मों का क्षय कर, आत्मा को निर्मल और शांत बनाने का प्रयास करते हैं। महामंडल का प्रत्येक चक्र हमें संयम, श्रद्धा और भक्ति का संदेश देता है। आरके जैन ने बताया कि आयोजन के समापन पर सोमवार को विशेष रूप से महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा, हवन एवं अंत में विमान ज़ी के रूप में भगवान की शोभा यात्रा भी श्रुतधाम परिसर एवं निर्माणाधीन मुक्ताकाश समवशरण परिसर में निकाली गई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के पुण्यार्जक बनने का परम सौभाग्य द्रोपदी बाई सर्राफ, प्रमिला देवी सर्राफ, मंजू सर्राफ, प्रमोद सर्राफ, कृतिका सर्राफ, प्रतीक सर्राफ को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सम्पूर्ण बीना जैन समाज के अलावा दिल्ली, मुंबई, इंदौर, पुणे, बेंगलोर आदि अनेक स्थानों से आये हुए श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर पुण्यार्जन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद सर्राफ, प्रतीक सर्राफ, प्रो. डॉ. अरुण प्रकाश बुखारिया, राकेश ट्रांसपोर्ट, राकेश वर्धमान, प्रदीप टडैया, मनोज वर्धमान, मुकेश सर्राफ, महेश गंजबासौदा, राकेश सर्राफ, अरविन्द चौधरी, विजय जैन, विकास चौधरी आदि उपस्थित रहे।

---

# कटे होंठ व तालू से जूझ रहे बच्चों को नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



उद्देश्य-प्रेरित कॉर्पोरेट नेतृत्व किस तरह समाज के भविष्य को सकारात्मक दिशा दे सकता है यह दर्शाते हुए, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल)-बीना रिफाइनरी ने, स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से मध्य प्रदेश के सागर और भोपाल संभाग के बच्चों को जीवन बदलने वाली कटे होंठ और तालू कि उपचार सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। इस पहल की नींव इस विश्वास पर आधारित है कि हर बच्चे को स्वस्थ जीवन की शुरुआत और आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिए। यह कार्यक्रम कॉर्पोरेट प्रतिबद्धता, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सेवाओं और जमीनी स्तर पर जागरुकता प्रयासों को एक साथ लाकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि संसाधनों की कमी या सेवाओं की अनुपलब्धता के कारण कोई भी कटे होंठ और तालू से प्रभावित बच्चा उपचार से वंचित न रहे। अक्टूबर 2025 से अब तक सागर और भोपाल संभाग के लगभग 250 बच्चों को इस साझेदारी के अंतर्गत सुरक्षित, निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण कटे होंठ और तालू की सर्जरी प्रदान की जा चुकी है। यह पहल केवल सर्जरी तक सीमित नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक और स्थायी प्रभाव पैदा करने पर भी केंद्रित है। कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रों में जागरुकता और सामुदायिक संपर्क अभियान सक्रिय रूप से चलाए जा रहे हैं। साथ ही, स्माइल ट्रेन का टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर सभी सरकारी जिला अस्पतालों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, ताकि जरूरतमंद परिवार आसानी से जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकें। इन प्रयासों से जानकारी की कमी को दूर करने और समय पर पहचान व उपचार को बढ़ावा देने में मदद मिल रही है। शिरीष चांदेकर, जनरल मैनेजर (एचआर), बीपीसीएल - बीना रिफाइनरी, ने कहा, सच्चा कॉर्पोरेट नेतृत्व केवल व्यवसायिक प्रदर्शन तक सीमित नहीं होता है। चिकित्सकीय उपचार का ही समर्थन नहीं कर रहे हैं, बल्कि बच्चों को अआत्मविश्वास फिर से प्राप्त करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए सक्षम भी बना रहे हैं।

---

### कठाई में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया

# विश्व जल दिवस पर 40 बच्चों ने बनाए चित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



बीपीसीएल की बीना रिफाइनरी द्वारा संचालित समत्व कार्यक्रम के तहत विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम कठाई में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण विषय पर चित्रकला के माध्यम से अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं ग्रामीणों के बीच जल के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों में जल की उपयोगिता, जल संकट की समस्या तथा वर्षा जल संचयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें मोहिनी लोधी प्रथम, माधुरी लोधी द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रानू लोधी रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल बच्चों की प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी पहुंचाती हैं। उन्होंने सभी से जल संरक्षण एवं उसके सही उपयोग का संकल्प लेने का आह्वान किया। समत्व कार्यक्रम के अंतर्गत बीना रिफाइनरी द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनसे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलता है।

---

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी

### कृष्णा किड्स प्रीस्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



नगर के कृष्णा किड्स प्रीस्कूल का वार्षिक उत्सव सिद्धिविनायक होटल में बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक निर्मला सप्रे, डॉक्टर अजब सिंह ठाकुर एवं प्रिंसिपल मंजू यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा गणेश वंदना, चार्ली चैपलिन, जोकर डांस, भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी 20 वर्ल्ड कप 2025 के प्रदर्शन ने लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि बच्चों के विकास में 50 प्रतिशत अभिभावक व 50 प्रतिशत विद्यालय का भाग रहता है। इसलिए अच्छे विद्यालय का चुनाव जरूरी है। प्रिंसिपल मंजू यादव ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई पर ही ध्यान नहीं दिया जाता बल्कि सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। डॉक्टर अजब सिंह ने कहा कि मंच पर विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत दिखाई देती है। अंत में डॉक्टर विनीता साहनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन प्राचार्य प्रणीता साहनी ने किया।

---

# विश्व गौरैया व बलिदान दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय महाविद्यालय खिमलासा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य पूर्वा सांगलीकर के मार्गदर्शन में विश्व गौरैया दिवस एवं भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु बलिदान दिवस का आयोजन किया गया। अथक पथ संग्रहालय से पंडित राम शर्मा ने भारत के अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए बलिदानियों के बहुत पुराने चित्र, समाचार पत्र एवं अन्य अमूल्य दस्तावेजों की एक प्रदर्शनी के माध्यम से अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों से साझा की। जिसका छात्र-छात्राओं ने अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. एलएन दुबे ने गौरैया दिवस के बारे में बताते हुए पक्षियों के संरक्षण में डॉक्टर सलीम अली के प्रयासों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर डॉक्टर प्रतिभा राज, डॉक्टर किरण जैन, डॉक्टर शुभी जैन, डॉक्टर मणि शर्मा, डॉक्टर रुपाली जैन, डॉक्टर जागृति त्रिपाठी, चंद्रभान साकेत, डॉक्टर अशोक यादव, अनिल विश्वकर्मा, शुभम विश्वकर्मा, डॉक्टर रफी अहमद एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

---

# सूखी जमीन पर 'लाल सोने' की बहार किसान ने उगाई अमेरिकन केसर

### 60 से 90 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक मिल रहे भाव

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई क्षेत्र में एक किसान ने अपनी सोच, मेहनत और तकनीकी समझ के दम पर खेती की पारंपरिक धारणाओं को बदलकर रख दिया है। जहां कभी सूखी और कम उपजाऊ मानी जाने वाली जमीन पर सामान्य फसलें भी मुश्किल से होती थीं, वहीं अब उसी जमीन पर 'लाल सोना' कहे जाने वाली केसर की खेती लहलहा रही है।

किसान चैधरी यासिर अहमद ने अमेरिकन केसर की खेती कर न केवल अपनी आय बढ़ाने का रास्ता तैयार किया है, बल्कि जिले के किसानों के सामने एक नया और लाभकारी विकल्प भी प्रस्तुत किया है। दरअसल, बदलते समय के साथ खेती में भी बदलाव आ रहा है और किसान अब पारंपरिक फसलों के बजाय ऐसी फसलों की ओर बढ़ रहे हैं, जिनमें कम लागत में अधिक मुनाफा हो सके। इसी सोच के तहत चैधरी यासिर अहमद ने अमेरिकन केसर की खेती का प्रयोग शुरू किया। शुरुआत में इस फसल को लेकर कई तरह की आशंकाएं थीं, क्योंकि केसर को आमतौर पर ठंडे और पहाड़ी इलाकों की फसल माना जाता है। लेकिन उन्होंने जोखिम उठाते हुए आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों का सहारा लिया और अपने खेत में इस फसल को सफलतापूर्वक तैयार कर दिखाया। पिपरई जैसे क्षेत्र में, जहां ठंड अपेक्षाकृत कम होती है और जल संसाधन भी सीमित हैं, वहां अमेरिकन केसर की खेती करना किसी चुनौती से कम नहीं था।

---

# निषादराज जयंती पर स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने ज्ञापन सौंपा

**बीना।** निषाद वंशी समाज ने निषादराज जयंती पर स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा। जिसमें बीना विधानसभा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुधार एवं जन सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि बीना विधानसभा क्षेत्र मध्य प्रदेश के राजस्व में सर्वाधिक योगदान देने वाली तहसीलों में से एक है। यहां रिफाइनरी, जेपी पावर प्लांट और उत्तर-मध्य रेलवे का महत्वपूर्ण जंक्शन स्थित है। इतने महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र होने के बावजूद यहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं अत्यंत दयनीय हैं। सिविल अस्पताल मात्र एक रेफरल केंद्र बनकर रह गया है। जहां से मरीजों को सीधे सागर या भोपाल रेफर कर दिया जाता है। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों का अभाव सामने से होने से क्षेत्रवासी परेशान है। अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, सर्जन और एनेस्थीसिया के डॉक्टरों के पद रिक्त हैं। सिजेरियन डिलीवरी की व्यवस्था न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को विषम परिस्थितियों में भटकना पड़ता है। अस्पताल में न तो आधुनिक मेडिकल उपकरण हैं, न आईसीयू और न ही पर्याप्त इमरजेंसी सुविधाएं है। इसके सफाई कर्मचारियों और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। ज्ञापन देने वालों में निर्मल रैकवार, मोहन लाल रैकवार, परमानंद रैकवार, लखन रैकवार, हरिशंकर रैकवार, बाबू रैकवार, शीतल रैकवार, मनु रैकवार आदि उपस्थित रहे।

---

### यात्री परेशान हो रहे हैं, अशोकनगर स्टेशन भारत सरकार की अमृत-2 योजना में चुना गया

# डीआरएम से शिकायत के बाद भी स्टेशन पर मौलिक सुविधाओं की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर









पश्चिम मध्य रेलवे के अशोकनगर स्टेशन पर यात्रियों को मौलिक सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है, इन सुविधाओं की कमी को लेकर पिछले दिनों समाज सेवियों ने अशोकनगर आए डीआरएम पंकज त्यागी को भी इस आशय की शिकायत की थी, लेकिन भोपाल मुख्यालय से इन शिकायतों के निराकरण की दिशा में कोई प्रयास नहीं किए गए।

जिसके कारण यात्रियों को सुविधाओं की कमी के अभाव में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अशोकनगर एक तो जिला मुख्यालय का स्टेशन है दूसरा यह शहर महाजनों की श्रेणी में आता है इस कारण व्यापारिक दृष्टि से भी इस स्टेशन का व्यापक महत्व है। इसके अलावा अशोकनगर स्टेशन के समीप आनंदपुर, थुवोनजी, करीला धाम, कदवाया, चंदेरी, जैसे धार्मिक और पर्यटक स्थल होने के कारण यहां यात्रियों का आवागमन पूरे वर्ष भर बना रहता है। इसके अलावा अशोकनगर का यह स्टेशन शहर के बिल्कुल मध्य में है, आधा शहर रेल पटरियों के इस पार और आधा शहर उस पार है। इस कारण रेल यात्रियों के अलावा आम नागरिको का भी आवागमन इस पार से उस पार स्टेशन से ही होता रहता है। उन्हे भी स्टेशन की सुविधाओं की जरूरत रहती है चाहे ट्रेन का समय हो या न हो इसके अलावा अशोकनगर का स्टेशन यहां के नागरिको के लिए मुम्बई की चैपाटी से कम नही हैं क्योंकि शहर भर के लोग दिन और शाम को इसी स्टेशन पर घूमने के लिए आते हैं। इस कारण इस स्टेशन पर सुविधाएं 24 घण्टे रहना अत्यंत आवश्यक है।

अशोकनगर स्टेशन पर वर्तमान में जिन सुविधाओं की कमी है उनमे सुलभ सुविधाओं का सबसे बड़ा अभाव है, दोनों प्लेट फार्मो पर किसी तरह का सुलभ कॉम्पलेक्स नहीं है, स्टेशन परिसर में जरूर कहने के लिए एक सुलभ कॉम्पलेक्स है लेकिन वह किसी काम का नहीं है बाहर जितने भी दुकानदार हैं वह सुलभ सुविधाओं के लिए स्टेशन परिसर में आते हैं जिसके कारण अशोकनगर स्टेशन के मुख्य द्वार में प्रवेश करते ही दुर्गंध आने लगती है। यहां आने वाली महिलाएं बहुत परेशान हैं, शहर से लेकर गांव तक की महिलाओं के लिए बेहतर सुलभ सुविधाएं नहीं हैं जबकि इनका प्राथमिकता से इंतजाम किया जाना चाहिए। यहां आने वाले यात्री पूरे परिसर में किसी भी स्थान पर खडे.होकर सुलभ सुविधा करते हुए देखे जा सकते हैं। यहां पानी के लिए जो बूथ बने हैं उनकी आड़ में लोग सुलभ सुविधा का कार्य कर रहे हैं। अधिकांश बूथ बंद पड़े हैं कई बूथों में तो पानी निकासी के ठीक प्रबंध नहीं है उनमें मच्छर पैदा हो रहे हैं उनमें लार्वा की स्थिति देखी जा सकती है।

इतना ही नहीं है स्टेशन पर जितनी बार भी काम हुआ है संबंधित ठेकेदार काम करने के बाद सब मटेरियल यहीं छोड़कर चले जाते हैं जिसके कारण दोनों प्लेट फार्मों के साइडों में कचड़े के ढेर लग गए हैं कईं जगह पानी जाम हो रहा है, पानी निकासी के प्रबंध भी ठीक से नहीं है। प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर जो नेम बोर्ड लगा है वह लगातार धूप और वर्षा से खराब हो गया है यहां अक्षर भी दिखाई नहीं देते। प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर सालों पुरानी कुर्सियां लगी है जो टूटकर धराशायी हो गई हैं।



यहां भारत सरकार के अमृत 2 योजना के अंतर्गत आधुनिक कुर्सियों की जरूरत है, पूरा स्टेशन चमचमाता हुआ नजर आना चाहिए। इस तरह के प्रयास यहां के रेलवे स्टेशन किया जाएं।